# प्रलिम्सि फैक्ट्स: 06 सतिंबर, 2021


- ईट राइट स्टेशन सरटफिकिशन
- वरल्ड यूनविर्सटिी रैंकगि 2022: टीएचई
- समबिक्स 2021


## ईट राइट स्टेशन सरटफिकिशन

## Eat Right Station Certification

हाल ही में भारतीय रेलवे के चंडीगढ़ स्टेशन को यात्रयिों को उच्च गुणवत्ता वाला पौष्टकि भोजन उपलब्ध कराने के लयि 5-स्टार 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणपत्र से सम्मानति कयिा गया है। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन यह प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाला देश का पाँचवां स्टेशन बन गया है।

- यह प्रमाणपत्र पाने वाले अन्य चार रेलवे स्टेशन हैं- आनंद वहिार टर्मनिल रेलवे स्टेशन (दल्लिी), छत्रपत शिवाजी टर्मनिस (मुंबई), मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन (मुंबई) और वडोदरा रेलवे स्टेशन। यह प्रमाणीकरण **'ईट राइट इंडयिा' मूवमेंट** का हस्सिा है।

## प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
    - **[भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण]** (FSSAI) द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणीकरण उन रेलवे स्टेशनों को प्रदान किया जाता है जो यात्रियों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन प्रदान करने में मानक (खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अनुसार) स्थापित करते हैं।
        - FSSAI खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (FSS अधिनियम) के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
    - रेलवे स्टेशन को 1 से 5 तक की रेटिंग वाली FSSAI पैनल की तृतीय-पक्ष ऑडिट एजेंसी के निष्कर्ष पर उक्त प्रमाण पत्र से सम्मानित किया किया जाता है।
        - 5-स्टार रेटिंग यात्रियों के लिये सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित करने के बारे में स्टेशनों द्वारा किये गए अनुकरणीय प्रयासों को दर्शाती है।
- **ईट राइट मूवमेंट**
    - यह सभी भारतीयों हेतु सुरक्षित, स्वस्थ और टिकाऊ भोजन सुनिश्चित कर देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिये भारत और FSSAI की एक पहल है। इसकी टैगलाइन है 'सही भोजन बेहतर जीवन'।
    - ईट राइट इंडिया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 से जुड़ा हुआ है, जिसमें **आयुष्मान भारत**, **पोषण अभियान**, **एनीमिया मुक्त भारत** और **स्वच्छ भारत मिशन** जैसे प्रमुख कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
    - यह खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये नियामक, क्षमता निर्माण, सहयोगात्मक और सशक्तीकरण दृष्टिकोण के विवेकपूर्ण संयोजन को अपनाता है।
- **संबंधित पहल:**
    - राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक:
        - FSSAI ने खाद्य सुरक्षा के पाँच मापदंडों पर राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिये राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) विकसित किया है।
    - **ईट राइट अवार्ड्स:**
        - FSSAI ने नागरिकों को सुरक्षित और स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने तथा खाद्यान्न कंपनियों तथा व्यक्तियों के योगदान को मान्यता देने हेतु 'ईट राइट अवार्ड्स' की स्थापना की है, जो नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण में मदद करेगा।
    - **ईट राइट मेला:**
        - FSSAI द्वारा आयोजित यह मेला नागरिकों को सही खान-पान हेतु प्रेरित करने के लिये एक आउटरीच गतिविधि है।

---

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022: टीएचई

## World University Rankings 2022: THE

हाल ही में टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) द्वारा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 संस्करण जारी किया गया है।

- टाइम्स हायर एजुकेशन जिसे पहले टाइम्स हायर एजुकेशन सप्लीमेंट (THES) के नाम से जाना जाता था, एक पत्रिका है जो विशेष रूप से उच्च शिक्षा से संबंधित खबरों और मुद्दों पर रिपोर्टिंग करती है।
- इससे पहले क्वाक्वेरेली साइमंड्स (QS) ने **क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022** जारी की थी।

### प्रमुख बिंदु

- **वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के बारे में:**
    - यह रैंकिंग यूनिवर्सिटी/विश्वविद्यालय गतिविधि के चार मुख्य क्षेत्रों को कवर करती है जिनमें शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण शामिल हैं टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ष 2004 से यह डेटा जारी कर रहा है।
- **भारत की रैंकिंग:**
    - टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) द्वारा जारी वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2022 में विश्व की शीर्ष 1,000 यूनिवर्सिटीज़ में भारत की 35 यूनिवर्सिटीज़ शामिल हैं , जो रैंकिंग में अब तक का दूसरा सबसे बड़ा विश्वविद्यालयों का समूह है। पिछले साल इसमें 36 यूनिवर्सिटीज़ शामिल थीं।
    - भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) शीर्ष प्रदर्शन करने वाला संस्थान था, उसके बाद IIT रोपड़ और JSS अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च रहे हैं।
- **वैश्विक रैंकिंग:**
    - विश्व स्तर पर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लगातार छठे वर्ष रैंकिंग में सबसे ऊपर रही है, जबकि चीन (मुख्य भूमि) की सिंघुआ यूनिवर्सिटी वर्तमान पद्धति (2011 में लॉन्च) के तहत शीर्ष 20 में प्रवेश करने वाला पहला एशियाई विश्वविद्यालय बन गया है।
    - देशों के हिसाब से देखा जाए तो कुल मिलाकर रैंकिंग में अमेरिका के सर्वाधिक 183 संस्थान शामिल हैं।
- **संबंधित भारतीय पहल:**
    - **उत्कृष्ट संस्थान (IoE) योजना**
        - 20 संस्थानों (सार्वजनिक क्षेत्र से 10 और निजी क्षेत्र से 10) की स्थापना या उन्नयन हेतु नियामक वास्तुकला प्रदान करने के लिये विश्व स्तरीय शिक्षण और अनुसंधान संस्थान जिन्हें 'उत्कृष्ट संस्थान' (Institutions of Eminence) कहा जाता है।
    - राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020:

- इसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली में स्कूल से लेकर कॉलेज स्तर तक बदलाव लाना और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है।
  - अनुसंधान नवाचार और प्रौद्योगिकी को प्रभावित करना (IMPRINT):
    - एक नई इंजीनियरिंग शिक्षा नीति का निर्माण करने और प्रमुख इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी चुनौतियों को हल करने के लिये अनुसंधान हेतु रोडमैप विकसित करने के लिये पैन-आईआईटी (Pan-IIT) व आईआईएससी (IISc) की अपनी तरह की पहली संयुक्त पहल।
  - उच्चतर आविष्कार योजना (UAY):
    - प्रमुख तकनीकी संस्थानों में छात्रों और संकाय में नवीन विचारों को बढ़ावा देने हेतु।

---

# सिम्बेक्स 2021

# SIMBEX 2021

हाल ही में भारत और सिंगापुर के मध्य **सिंगापुर-भारत द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास (Singapore-India Maritime Bilateral Exercise-SIMBEX)** का 28वाँ संस्करण पूर्ण हुआ है।

## प्रमुख बिंदु

- **SIMBEX:**
  - वर्ष 1994 में शुरू किया गया, SIMBEX किसी भी विदेशी नौसेना के साथ भारतीय नौसेना का सबसे लंबा निर्बाध द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास है।
  - SIMBEX का 28वाँ संस्करण **दक्षिण चीन सागर** के दक्षिणी किनारे पर एक विशाल नौसैनिक युद्ध अभ्यास था, जो रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में हितों की बढ़ती समानता को दर्शाता है।
- **अन्य रक्षा सहयोग:**
  - दोनों नौसेनाओं का एक-दूसरे के **समुद्री सूचना संलयन केंद्रों** में प्रतिनिधित्व है और हाल ही में आपसी पनडुब्बी बचाव सहायता एवं समन्वय पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
  - सिंगापुर **हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS)** और भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित **बहुपक्षीय अभ्यास मिलन** में भाग लेता है।
  - **हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA)** की सिंगापुर की सदस्यता और **ADMM+** (आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक- प्लस) की भारत की सदस्यता दोनों देशों को पारस्परिक चिंता के क्षेत्रीय मुद्दों पर स्थिति समन्वय हेतु एक मंच प्रदान करती है।
- **अन्य अभ्यास:**
  - **बोल्ड कुरुक्षेत्र** (थल सेना)
  - संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण (वायु सेना)
  - त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास SIMTEX (थाईलैंड के साथ)।

## नोट:

- सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट से संबंधित रिपोर्ट **'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2021'** में सिंगापुर को दूसरा स्थान दिया गया है।
- सिंगापुर के नाम पर पहली संयुक्त राष्ट्र संधि- **इंटरनेशनल सेटलमेंट अग्रीमेंट्स रिजल्टिंग फ्रॉम मीडियेशन** (या, सिंगापुर कन्वेंशन ऑन मीडियेशन) हाल ही में लागू हुई है।
- हाल ही में सिंगापुर के **हॉकर कल्चर** को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की यूनेस्को प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया था।